आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 21 | इंदौर, शनिवार 02 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## श्रीराम संग्रहालय के लिए 5 करोड़ की घोषणा, सीएम बोले-तुलसीदास रहेंगे जन-जन के हृदय में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मानव भवन में आयोजित तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तुलसी जयंती एवं अलंकरण समारोह में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास न केवल रामायण के रचनाकार हैं, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और साहित्य के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस ने भारत को एक ऐसी काव्यधारा दी है जो धर्म, नीति, मर्यादा और जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन करती है। तुलसीदासजी के विचार आज भी लोगों के जीवन को दिशा दे रहे हैं। वे युगों तक जन-जन के हृदय में जीवित रहेंगे।

### गोविंददेव गिरि महाराज सम्मानित

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गुरु गोविंददेव गिरि जी महाराज को पद्मभूषण युगतुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया। सम्मान स्वरूप उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भोपाल में श्रीराम संग्रहालय की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि तुलसी मानस प्रतिष्ठान को दी जाएगी।

### सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बन रहे

डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार “विरासत से विकास” की भावना के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन स्थापित किए जा रहे हैं और राम वनगमन पथ के साथ-साथ श्रीकृष्ण की लीलास्थलियों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में राजा भोज और विक्रमादित्य द्वार नामक दो ऐतिहासिक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं।

# सीएम आज सीहोर में करेंगे चार औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन

### ◆ 1,440 करोड़ का होगा निवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को सीहोर जिले के औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में चार औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में लगभग 1,406 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे 854 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री छह औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी सौंपेंगे, जिनके माध्यम से 33.85 करोड़ रुपये का निवेश और 311 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस प्रकार, सीहोर में कुल 1,440 करोड़ रुपये का निवेश और 1,165 रोजगार के अवसर निर्मित होंगे।**

### इन इकाइयों का होगा भूमि पूजन



वान्यावेदा ग्रीन्स जो (झिलेला) सीहोर में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 115 करोड़ रुपये के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 400 करोड़ रुपये के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई स्थापित होगी, जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा) सीहोर में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपये के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी, जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपये के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### छह औद्योगिक इकाइयों को वितरित होंगे आशय पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर में छह औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रुपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले कैसे बढ़ी बीजेपी की ताकत, 100 के पार पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) संसद का मॉनसून सत्र चल रहा है। इसी बीच बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया जब सत्र की शुरुआत के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अभी उनका कार्यकाल 2027 तक था। धनखड़ के अचानक इस्तीफा देते ही सरकार अगली रणनीति में जुट गई। दूसरी ओर नए उपराष्ट्रपति को लेकर चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस बीच सबसे अहम ये रहा कि केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी की संसद के उच्च सदन में ताकत बढ़ गई है।**

### तीन मनोनीत सांसदों ने थामा बीजेपी का दामन

राज्यसभा में राष्ट्रपति ने पिछले दिनों 4 सांसदों को मनोनीत किया। इनमें तीन



मनोनीत सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। इससे पार्टी की राज्यसभा में ताकत बढ़ गई है। संसद के उच्च सदन में बीजेपी का आंकड़ा अब 102 पहुंच गया है। यह उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले हुआ है। उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला और सी. सदानंदन मास्टर जैसे मनोनीत सांसद बीजेपी में शामिल हुए हैं।

### राज्यसभा में 100 के पार हुआ बीजेपी का आंकड़ा

तीन मनोनीत सांसदों के आने से राज्यसभा में बीजेपी की स्थिति और मजबूत हो गई है। राज्यसभा में पार्टी ने सेंचुरी लगा दी है, उसके अब यहां 102 सदस्य हो गए हैं। अप्रैल 2022 के बाद पहली बार बीजेपी ने 100 का आंकड़ा पार किया है। उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले सियासी घटनाक्रम हुआ है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले बढ़ गया बीजेपी का आंकड़ा

उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होने वाला है। इससे ठीक पहले तीन मनोनीत सांसदों के बीजेपी में आने से पार्टी के राज्यसभा में 102 सदस्य हो गए हैं। बीजेपी में शामिल होने राज्यसभा सांसदों में उज्ज्वल निकम एक बड़े वकील हैं। हर्षवर्धन श्रृंगला पहले विदेश सचिव थे। सी. सदानंदन मास्टर एक समाज सेवक हैं। इन तीनों ने पिछले महीने ही राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली थी।

### अभी क्या है राज्यसभा में समीकरण

राज्यसभा में कुल 250 सदस्य हो सकते हैं। इनमें 12 सदस्य राष्ट्रपति की ओर से मनोनीत किए जाते हैं। अभी राज्यसभा में 245 सदस्य हैं। 12 मनोनीत सदस्यों में से अब पांच बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। फिलहाल राज्यसभा में जिस तरह से बीजेपी की ताकत बढ़ी हैं, ऐसा कहा जा सकता है कि इससे पार्टी की दावेदारी उपराष्ट्रपति चुनाव में और मजबूत होगी।

# इंदौर में बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिल रहा

## पंपकर्मियों के सामने दूसरों से लिए, अब ऑफिस में भी नहीं मिलेगी एंट्री

**इंदौर। प्रशासन ने भोपाल-इंदौर में आज से बिना हेलमेट के पेट्रोल देने पर रोक लगा दी है। जिनके पास सीएनजी से चलने वाली बाइक है, उनको सीएनजी भी नहीं दी जा रही है। कुछ लोग पेट्रोल भरवाने के लिए दूसरों से हेलमेट ले रहे हैं। इससे पंपों पर विवाद हो रहे हैं।**



इधर, इंदौर कलेक्टर ने दो पहिया वाहनों से आने वाले सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऑफिस में आने पर हेलमेट अनिवार्य कर दिया है। भोपाल में सुबह 11 बजे तक कई पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के भी पेट्रोल दिया जा रहा था, लेकिन जब अफसरों की टीमें जांच करने निकलीं तो संचालकों ने सख्ती बरतना शुरू कर दी। दैनिक भास्कर ने दोनों शहरों में रियलिटी चेक किया। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि कनाड़िया रोड स्थित एक पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल देने की शिकायत मिली थी। प्रशासनिक आदेश का पालन नहीं किया जा रहा था। ऐसे में उसे सील कर दिया गया है। ये नियम रोड सेफ्टी और जनता के हितों के लिए है। ट्रैफिक जाम और यातायात के दबाव से मुक्ति के लिए अलग से कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि आज से शासकीय कार्यालयों में हेलमेट पहनकर आने के लिए भी आदेश निकाला है। बताया जा रहा है कि पालदा स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से कुछ लोगों ने विवाद कर लिया। यहां कुछ युवक बिना हेलमेट पहने ही पेट्रोल देने के लिए कर्मचारी पर दबाव बना रहे थे। इंदौर में कई पंपों पर लोगों ने पेट्रोल लेने के दौरान हेलमेट पहना और वहां से निकलते ही हेलमेट उतार लिया। एक जगह तो पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचा। यहां कर्मचारियों ने उसे समझाइश देकर लौटा दिया। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लोग हेलमेट बदलते देखे गए। महिलाओं ने भी दूसरों से हेलमेट लेकर पहना और पेट्रोल लेकर लौटा दिया। रीगल तिराहा स्थित पंप पर कर्मचारी ही इशारा करके हेलमेट बदलने को कह रहे थे। वाहन चालक ने बताया कि मुझे हेलमेट पहनकर आना था, लेकिन घर से निकलते समय भूल गया। पेट्रोल लेना जरूरी है, इसलिए दूसरे से हेलमेट मांगकर पहना और गाड़ी में पेट्रोल भरवाया। पलसीकर चौराहा पेट्रोल पंप के कर्मचारी रमेश मालाकार ने बताया कि कई लोग मान नहीं रहे हैं। उन्हें समझाइश देना पड़ रही है, कुछ लोग विवाद भी कर रहे हैं। पर हम किसी को भी बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दे रहे। इसी तरह, टू-व्हीलर ड्राइवर केतन मालानी ने बताया कि मैंने आज ही हेलमेट पहना है। अब मैं रोज पहनूंगा। यह हमारी सेहत और सुरक्षा दोनों के लिए जरूरी है।

## इंदौर में अव्यवस्थित और अवैध रूप से खड़ी बसों पर बड़ी कार्रवाई, 8 बसें जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) इंदौर और प्रशासनिक टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर लोक परिवहन में लापरवाही बरतने वाले बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। बेतरतीब तरीके से खड़ी होकर आमजन के रास्ते में बाधा उत्पन्न कर रहीं 8 बसों को जब्त किया गया।

यह कार्रवाई तहसीलदार कमलेश कुशवाह एवं शिवशंकर जरोलिया के मार्गदर्शन में आरटीओ टीम द्वारा की गई। चेकिंग के दौरान बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, टैक्स प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूलने, स्पीड गवर्नर की अनुपस्थिति जैसे बिंदुओं की भी गहनता से जांच की गई। उक्त बसें पटेल प्रतिमा, मधुमिलन चौराहा, रिंग रोड, मूसाखेड़ी क्षेत्र से जप्त की गईं। कुछ बसें आम रास्ते पर सवारी बैठाते हुए, तो कुछ बीच सड़क पर सफाई व मरम्मत करते हुए पाई गईं। इनसे आमजन को असुविधा हो रही थी। टीम द्वारा आम नागरिकों को अपने वाहनों में एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाने हेतु प्रेरित भी किया गया। प्रशासन द्वारा बस संचालकों से अपील की गई है कि वे बसों का संचालन केवल निर्धारित स्थानों से ही करें। अन्यथा नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों को जप्त करने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं – पुलिस जवान को भी लौटाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह द्वारा जारी ''नो हेलमेट, नो पेट्रोल'' प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। जिले भर में गठित दल फील्ड में सक्रिय रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। आज एक पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहने पहुंचे एक पुलिस जवान को भी पेट्रोल नहीं दिया गया और उन्हें समझाईस के साथ वापस लौटा दिया गया। इस सख्ती से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि नियम सभी पर समान रूप से लागू हैं। खाद्य नियंत्रक मोहनलाल मारू ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य जनजागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हेलमेट जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। शासन, प्रशासन और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। नागरिकों को हेलमेट पहनने के संबंध में लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# तलाक केस में सूरत जेल से इंदौर आया नारायण सांई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दुष्कर्म के आरोपी आसाराम के बेटे नारायण सांई शुक्रवार को सूरत से पुलिस सुरक्षा के बीच इंदौर लाया गया। फैमिली कोर्ट ने उसकी पत्नी जानकी ने उसके खिलाफ तलाक का केस फाइल किया है। जिसमें आज नारायण सांई, पत्नी जानकी और संबंधितों के बयान होने थे। इसमें सिर्फ जानकी के ही बयान हो सके।**



नारायण और जानकी की शादी 1995 में हुई थी। मूलतः भोपाल निवासी जानकी ने नारायण सांई के खिलाफ करीब 3 साल पहले तलाक का केस लगाया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में नारायण को नोटिस देकर तलब किया था लेकिन वह पेश नहीं हुआ था। इस पर उसके एडवोकेट ने उसकी ओर से जवाब पेश किया था। इस पर कोर्ट ने सुनवाई 1 अगस्त तय की थी। नारायण सांई अभी दुष्कर्म के एक मामले में सूरत जेल में बंद है। दोपहर को उसे पुलिस सुरक्षा में इंदौर फैमिली कोर्ट लाया गया था। इस दौरान आसाराम के कुछ अनुयायी भी वहां मौजूद थे।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान नारायण सांई और पत्नी जानकी हरपलानी पेश हुए। इस दौरान नारायण के एडवोकेट पवन शर्मा और तुलसीराम रघुवंशी भी उपस्थित थे। सुनवाई में कोर्ट ने जानकी के बयान दर्ज किए, जबकि नारायण सांई सहित अन्य के बयान दर्ज नहीं हो सके।

कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 सितंबर तय की है। खास बात यह कि नारायण के कोर्ट के गेट से कोर्ट रूम आने तक और फिर वापस ले जाने के दौरान पुलिस और अनुयायियों ने उसे फटाफट ले गए, ताकि कोई वीडियो न बना पाए। फिर भी एक-दो लोगों ने वीडियो बना भी लिए।

# केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही उत्पादन व विक्रय होगा

**पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से बनाई जानी वाली प्रतिमाओं के उत्पादन- विक्रय, बाहर ले जाने या बाहर से लाना प्रतिबंधित**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार मूर्ति निर्माण में पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के पालन हेतु आज कलेक्टर कार्यालय इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री रोशन राय द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा मूर्तिकार संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में श्री रोशन राय ने प्रदूषण की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी की गई गाईड लाईन और निर्देशों के बारे में मूर्तिकारों को जानकारी दी गई। निर्देश दिये गये कि वे गाईड लाईन और निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मूर्ति निर्माण हेतु उपयोग की जाने वाली सामग्री एवं प्रक्रिया को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष बल दिया गया। मूर्तिकारों को निर्देशित किया गया कि वे भगवान श्री गणेश एवं माता दुर्गा की मूर्तियों के निर्माण में केवल उन्हीं प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जाये, जैसा कि पुराने ग्रन्थों में उल्लेखित है। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाये। पक्की हुई मिट्टी, पी०ओ० पी० (प्लास्टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल व रासायनिक वस्तुओं का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति निर्माण में पी०ओ०पी० के विकल्प के रूप में अन्य प्राकृतिक सामग्री जैसे पेपर आदि का इस्तेमाल किया जाये। मूर्ति पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषाक्त रंगों का इस्तेमाल किया जाये । किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषाक्त रंगों का इस्तेमाल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। जिले में केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही उत्पादन व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से बनाई जानी वाली प्रतिमाओं के उत्पादन तथा विक्रय, बाहर ले जाने या बाहर से लाना प्रतिबंधित रहेगा।

यदि कहीं मूर्तिकारों द्वारा पूर्व में मूर्तियां निर्मित कर ली गई हो तो परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से पूर्व से निर्मित कर ली गई प्रतिमाओं के वर्तमान स्टॉक की जानकारी लिखित में प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की नई प्रतिमाओं के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है।

# महापौर का गुस्सा देखकर डरे अधिकारी और ठेकेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहर की सड़कों की स्थिति को लेकर आज सिटी बस कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में नगर निगम अधिकारियों के साथ कंसल्टेंट, ठेकेदारों ने सिटी बस कार्यालय पर आयोजित बैठक में अपनी बात रखी। बैठक में महापौर ने निर्देश दिए कि 25 अक्टूबर 2025 तक इंदौर शहर एवं आस-पास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य एवं पेंचवर्क अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। बारिश में खराब हो रही डामर सड़कों की मरम्मत का जिम्मा जिन एजेंसियों को था, उनके लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताते हुए महापौर ने उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य करने के बाद पेंचवर्क नहीं किया, उनसे न केवल जवाब तलब किया जाएगा बल्कि कार्यवाही कर दोबारा उन्हीं से कार्य पूर्ण करवाया जाए। साथ ही कुछ मास्टर प्लान की सड़कों पर नियम विरुद्ध नक्शे पास करने वाले अधिकारियों पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में महापौर ने नगर निगम द्वारा आयुक्त के संज्ञान में यह विषय लाया जाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि शहर में जहां भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां निर्माण से संबंधित जानकारी एवं सूचना का बोर्ड लगाकर नागरिकों को जानकारी दी जाए और कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट किया जाए। बारिश के कारण हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षरण की मरम्मत मानसून उपरांत तेजी से की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यह बात दोहराई कि सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता हमारी जिम्मेदारी है। शहरवासियों को सुविधा मिले यह हमारी प्राथमिकता है। बैठक में जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी सहित संबंधित अधिकारी सम्मिलित हुए। महापौर भार्गव ने बताया कि शहर की 23 प्रमुख मास्टर प्लान की सड़कों पर चार पैकेज में कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिनकी समीक्षा आज की गई। निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कहा, सभी विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करें और तय समय-सीमा में परिणाम दें।



आरटीओ ने एक ही दिन में वसूला

## डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का बकाया मोटरयान कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा द्वारा विगत माह प्रदेश के समस्त आरटीओ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से ली गई बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में वाहनों पर बकाया मोटरयान कर की वसूली हेतु कार्ययोजना तैयार कर अभियान चलाकर वसूली की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस केवल एक ही दिन में 91 वाहनों से 1 करोड़ 52 लाख 90 हजार 392 रूपये बकाया मोटरयान कर की वसूली की गई। यह एक रिकार्ड है। आरटीओ कार्यालय व्दारा बकाया वसूली अभियान के तहत विगत 3 जुलाई से 31 जुलाई तक की स्थिति में कुल 240 वाहनों से 2 करोड़ 46 लाख रूपये का बकाया मोटरयान कर वसूल किया गया है। बकाया वसूली अभियान के अंतर्गत कार्यवाही निरंतर जारी है ।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरटीओ कार्यालय इंदौर द्वारा तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को बकाया वाहनों की सूची उपलब्ध कराते हुए बकाया वाहन स्वामियों से उनके मोबाईल / फोन नम्बर पर अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर बकाया वसूली करने हेतु लगाया गया है। कार्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी उन्हें आवंटित कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ बकाया वसूली हेतु लगातार कार्य करते हुए बकाया वाहन स्वामियों को वसूली हेतु नोटिस जारी कर उनसे मोबाईल पर सम्पर्क कर लम्बे समय से चली आ रही बकाया मोटरयान कर की राशि वसूलने में उल्लेखनीय योगदान दिया है ।

## फार्मा कंपनी के मैनेजर को टैंकर ने टक्कर मारी, मौत

इंदौर। लसूड़िया इलाके में गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में फार्मा कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई। हादसा निपानिया क्षेत्र में भवंस प्रॉमिनेंट के पास का है। जानकारी के मुताबिक प्रतीक कपाड़े (49) निवासी तुलसी नगर, अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में प्रतीक को टैंकर ने कई फीट तक घसीटा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत टैंकर को रोक लिया, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, प्रतीक पिछले करीब दस साल से एक निजी फार्मा कंपनी में मैनेजर के पद पर काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। प्रतीक अपने माता-पिता और पत्नी के साथ रहते थे। उनकी कोई संतान नहीं है। पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भेज दिया है।

## 7वीं के छात्र का सुसाइड, फ्री फायर गेम में 2800 रुपए हार गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 13 साल के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि छात्र ऑनलाइन फ्री फायर गेम में 2800 रुपए हार गया था। उसे डर था कि परिजन को पता चलेगा तो वे नाराज होंगे। तनाव में आकर उसने जान दे दी।**



एमआईजी क्षेत्र के अनुराग नगर में रहने वाले छात्र अंकलन जैन (13) ने गुरुवार रात सुसाइड कर लिया। सबसे पहले दादा ने उसे फंदे पर लटका देखा। परिजन तुरंत बेटे को नीचे उतारकर डीएनएस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां परिजनों ने बेटे के नेत्र दान कर दिए। टीआई सीबी सिंह ने बताया कि अंकलन के पास बिना सिम वाला मोबाइल था, जो वाई-फाई से जुड़ा था। उसने गेमिंग आईडी से अपनी मां का डेबिट कार्ड लिंक कर रखा था, जिससे रुपए ट्रांजेक्ट हुए थे। हारने के बाद अंकलन ने मां अपूर्वा को यह जानकारी दी थी, उसे डर था परिजन इस बात को लेकर डांटेंगे। इसके बाद उसने इस तरह का कदम उठा लिया। अंकलन एक निजी स्कूल में कक्षा सातवीं का छात्र था। उसके पिता अंकेश जैन ऑटो पार्ट्स व्यापारी हैं, जिनकी छोटी ग्वालटोली और देवास नाके पर दुकान हैं। परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बैंक कर्मचारी युवती से शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

लिव-इन में रहकर की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने पूर्व सहकर्मी के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी और मारपीट का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में न सिर्फ शादी से इनकार कर दिया, बल्कि बदनाम करने की धमकी भी दी।**



पुलिस के अनुसार पीड़िता एक बैंक में कार्यरत है और उसकी पहचान वर्ष 2020 में उसी बैंक में काम करने वाले मकरेन्द्र त्रिवेदी (निवासी निपानिया) से हुई थी। दोस्ती गहरी होने के बाद 2021 में मकरेन्द्र ने युवती को अपने घर ले जाकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाए और शादी का भरोसा दिलाया। इसके बाद दोनों ने लिव-इन रिलेशन में रहना शुरू कर दिया। इस दौरान मकरेन्द्र ने शादी की बात को लगातार टालते हुए युवती से कई बार रुपए भी लिए। जब युवती ने शादी को लेकर दबाव बनाया तो आरोपी बहाने बनाने लगा, मारपीट की और बाद में युवती के चरित्र पर ही सवाल उठाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि मकरेन्द्र के भाई ने आंशिक रूप से कुछ पैसे वापस किए, लेकिन मकरेन्द्र ने शादी से साफ इनकार कर दिया और धमकी दी कि अगर उसने जोर डाला तो वह उसे बदनाम कर देगा। मार्च 2025 में आखिरी बार युवती ने जब शादी की बात की, तो विवाद और बढ़ गया। हाल ही में युवती को यह जानकारी मिली कि मकरेन्द्र किसी अन्य युवती से भी नजदीकियां बढ़ा रहा है। इसके बाद उसने अपने परिजनों को पूरा मामला बताया और लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक दर्जन से ज्यादा वाहनों के कांच फोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित कुलकर्णी भट्टा इलाके में बुधवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने इलाके में खड़ी दोपहिया और चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने की कोशिश की। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे सख्ती से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी आतिश और उसका रिश्तेदार लल्ली अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। पहले सभी ने शराब पी और फिर सड़कों पर खड़े वाहनों पर तोड़फोड़ की। यह पूरा घटनाक्रम इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा। फिलहाल उनसे उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि आतिश का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है और वह क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करना चाहता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों का जुलूस निकालने की तैयारी भी की जा रही है ताकि इलाके में सख्ती का संदेश दिया जा सके।

## महिला ने तीन बच्चों के साथ खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मांगलिया में रहने वाली एक महिला ने अपने तीन बेटों के साथ जहर खा लिया। चारों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया है। पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। शिप्रा पुलिस के मुताबिक घटना गुरुवार रात 10 बजे के लगभग की है। मांगलिया से एंबुलेंस से अन्नूसिंह (32) और उसके तीन बेटे आकाश (13), राज (12) पवन (10) एमवाय लाया गया था। डॉक्टरों की तरफ से सूचना मिली कि तीनों ने जहर खाया है। देर रात पुलिस की टीम एमवाय पहुंची। यहां महिला के बयान लिए गए तो उसने बताया कि उसने बच्चों को मिठाई में जहर दिया है। इसके बाद खुद भी जहर खा लिया। महिला ने पूछताछ में अपने पति जबर सिंह से विवाद की बात पुलिस को बताई है। आसपास के लोगों ने बताया कि अन्नू और उसके पति जबर सिंह के बीच विवाद चल रहा था। रात में घर से लड़ने की आवाजें आ रही थी। बाद में जबर सिंह घर से चला गया। पुलिस जब जबर सिंह के घर पहुंची तो वह मौके पर भी नहीं मिला है। फिलहाल मामला जांच में है।

# सहायक जेल अधीक्षक 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** लोकायुक्त ने खाचरोद उप जेल के सहायक जेल अधीक्षक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सहायक जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह राणावत ने जेल में बंद कैदी को मारने-पीटने से बचाने के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

जेल में बंद आरोपी के जीजा ने इस बात की शिकायत लोकायुक्त उज्जैन को कर दी। जिसके बाद सहायक जेल अधीक्षक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उज्जैन से 70 किमी दूर खाचरोद उप जेल में उस समय हड़कंप मच गया जब लोकायुक्त की टीम ने वही के उप जेल के सहायक जेल अधीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त डीएसपी दिनेश चंद्र पटेल ने बताया-उज्जैन निवासी जितेंद्र गोमे ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद कुमार यादव को शिकायत की थी। उनका कहा था कि मेरा साला कनवर सिसौदिया उपजेल खाचरोद में बंद है। सहायक जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह राणावत द्वारा साले को मारने पीटने से बचाने के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने ट्रेप प्लान किया। शिकायतकर्ता जितेंद्र गोमे को शुक्रवार दोपहर को खाचरोद उप जेल के सहायक अधीक्षक राणावत के पास भेजा गया। राणावत को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी जेल अधीक्षक, उप जेल खाचरोद के कार्यालय में ही रिश्वत ले रहा था। लोकायुक्त ने उसके कार्यालय में ही कार्यवाही कर उसे पकड़ा।

# मप्र में कल से फिर शुरू होगा भारी बारिश का दौर

## आज हल्की बारिश का अलर्ट, अब तक 28 इंच गिर चुका पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही तेज बारिश से पिछले तीन दिन से थोड़ी रहता मिली है। शनिवार को भी प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को प्रदेश में बूंदाबांदी का ही दौर चला। लेकिन 3 और 4 अगस्त को प्रदेश में एक बार फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों होगी बारिश

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अभी साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ प्रदेश के ऊपर



है। 24 घंटे बाद सिस्टम का असर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में देखने को मिल सकता है। ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को भी भारी बारिश का दौर थमा रहा। ग्वालियर, गुना, श्योपुर, दमोह, मंडला और उमरिया में हल्की बारिश हुई।

**जबलपुर, रीवा सागर संभाग में मानसून मेहरबान-** गौरतलब है कि पिछले सप्ताह प्रदेश में बाढ़ के हालात बने। खासकर पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में मानसून जमकर मेहरबान रहा। रायसेन में बेतवा ने विकराल रूप लिया। खेत-मंदिर और पुल डूब गए। दो दिन से बारिश थमी रही, लेकिन नर्मदा नदी उफान पर है। वहीं, डैम ओवरफ्लो है। इनके गेट खोले गए।

### 10 जिलों में बारिश का कोटा पूरा

मध्यप्रदेश के ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मुरैना और श्योपुर में बारिश का कोटा पूरा हो गया है। यहां सामान्य से 50 फीसदी तक ज्यादा पानी गिर चुका है। टीकमगढ़-निवाड़ी में सबसे ज्यादा बारिश हुई है, जबकि इंदौर में सबसे कम पानी गिरा है। वहीं, भोपाल और जबलपुर में सीजन की आधी बारिश हुई है। प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 28 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 17.6 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 10.5 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है।

# अति-वृष्टि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी : मंत्री श्री विजयवर्गीय

## 3 हजार 628 व्यक्तियों और 94 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अति-वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में अभी तक औसत 703.33 मि.मी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश बहुत ही कम समय में तेजी से हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य संबंधी सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों और राहत कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़े कार्यों में ढिलाई न बरती जाये।

**एनडीआरएफ क्विक रिस्पांस टीम आदि की**



**तैनाती-** नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ) की 5 टीमों में से भोपाल में 2, जबलपुर, ग्वालियर तथा धार में एक-एक टीम तैनात की गई है। इन टीमों के अलावा 3 टीमों को अशोकनगर, श्योपुर तथा ग्वालियर में तैनात किया गया है। एन.डी.आर.एफ द्वारा 2 रेस्क्यू ऑपरेशन में 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एस.डी.इ.आर.एफ) को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के लिये अत्याधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराये गये है। प्रदेश के 259 संवेदनशील क्षेत्रों में डिजास्टर रिस्पाँस सेंटर स्थापित किया गया है। इसी के साथ 111 क्विक रिस्पाँस टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई है। प्रदेश के 11 जिलों में 3 हजार 300 आपदा मित्र वॉलंटियर्स को प्राथमिक सहायता के लिए प्रशिक्षित किया गया है। राज्य में 80 हजार 375 सिविल डिफेंस वालंटियर को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित किये गये वालंटियर्स की सेवाएँ राहत और बचाव कार्यो के लिये ली जा सकेंगी। एसडीईआरएफ द्वारा एक जून से 30 जुलाई 2025 तक 432 रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत 3 हजार 628 व्यक्तियों और 94 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया है। प्रदेश में राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से अब तक पोर्टल के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को 75 रेड अलर्ट 3 घंटे पूर्व भेजे गये है।

# भाजपा और गोंडवाना पार्टी के 200 लोग कांग्रेस में शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** भाजपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से हटकर 200 लोगों ने कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभी से कहा कि नौजवानों भविष्य आपका है। भारतीय जनता पार्टी समाज को बांटना चाहती है इससे सावधान रहें। शुक्रवार को शिकारपुर निवास पर अमरवाड़ा और हर्रई क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कमलनाथ, नकुलनाथ समेत कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस में शामिल कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा के शासनकाल में क्षेत्रीय विकास की अनदेखी और उपेक्षा के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। इस मौके पर कमलनाथ और नकुलनाथ ने कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी।

# मध्यप्रदेश पुलिस के 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

◆ ब्रिटिश पॉर्लियामेंट में 13 सितंबर को किया जाएगा सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पुलिस के नशे के विरुद्ध 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक "नशे से दूरी-है जरूरी" राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान ने अपनी व्यापकता, प्रभावशीलता तथा वृहद स्तर पर जनसहभागिता के चलते वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 57 जिलों के 1175 थानों द्वारा संचालित इस अभियान में लगभग 23 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष सहभागिता तथा सोशल मीडिया माध्यमों से 6.35 करोड़ लोगों ने सहभागिता की। एक अगस्त को पुलिस मुख्यालय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस के सीईओ तथा प्रेसीडेंट संतोष शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एडीजी नारकोटिक्स के.पी. व्यंकटेश्वर राव से भेंट कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स संस्था की जनरल सेक्रेटरी डॉ. तिथि भल्ला तथा एडिटर अपूर्वा मेनन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं-किशोरों को नशा मुक्त रखना हमारा शासकीय कर्तव्य ही नहीं नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कभी भी कोई विश्व रिकॉर्ड बनाना नहीं था। हमारा असली मकसद था कि अधिक से अधिक लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए। यदि इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, तो यह हम सभी पुलिसकर्मियों, सहयोगी संस्थाओं और प्रदेश की जनता के समर्पण का परिणाम है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस के सीईओ संतोष शुक्ला ने मध्यप्रदेश पुलिस के इस अनूठे जन जागरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल रहा।

# असिस्टेंट कमांडेंट ने की खुदकुशी की कोशिश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के जावरा में 24वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट रामबाबू पाठक ने शुक्रवार सुबह 11 बजे डिप्रेशन की 50 गोलियां खाकर सुसाइड की कोशिश की। परिजन उन्हें प्राइवेट क्लिनिक लेकर गए। यहां से शुक्रवार दोपहर 1 बजे उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इसके बाद उन्हें इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल भेजा गया है। रामबाबू की बेटी मुस्कान और परिजन एम्बुलेंस से लेकर उन्हें रवाना हुए हैं। उनका एक बेटा भी है जो भोपाल में रहता है। वो खबर मिलते ही इंदौर के लिए रवाना हो गया। असिस्टेंट कमांडेंट की पत्नी और बेटी ने बटालियन के सीनियर अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लगातार ड्यूटी के चलते रामबाबू डिप्रेशन में थे। शुक्रवार सुबह रामबाबू बटालियन की परेड में शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने सुसाइड नोट फेसबुक पर पोस्ट किया था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया। बेटी मुस्कान ने बताया कि पापा ने दुनिया छोड़ कर जाने का एक लेटर लिखा है।

## संपादकीय

# संवैधानिक व्यवस्था को चैलेंज करना बचपना ही नहीं खतरनाक भी

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर अब केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब किसी संवैधानिक संस्था को धमकाया जा रहा है। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की बड़ी साजिश है। साथ ही उन्होंने दावा किया राहुल के इस मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के कई नेता विरोध कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने कहा का राहुल गांधी ने पहली बार नहीं बार-बार संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दी है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में जब एनडीए की सरकार बनी तब हमारी सरकार नहीं थी। इसके बाद कई राज्यों एनडीए के अलावा अन्य पार्टियों की सरकार बनी। जिसमें केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पंजाब शामिल हैं। वो लोग जब जीतते हैं तो सब चंगा है और जब हार जाते हैं तो चुनाव आयोग के सिर पर ठीकरा फोड़ देते हैं। राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसमें बार-बार संवैधानिक संस्था पर अटैक किया जाता है। जब भी न्यायपालिका में उनके पक्ष में फैसला नहीं आता है तो कहते हैं कि न्यायपालिका से विश्वास उठ गया। किरेन रिजिजू ने कहा संवैधानिक व्यवस्था को चैलेंज करना बचपना ही नहीं खतरनाक भी है। चुने हुए सरकार और संवैधानिक संस्था के खिलाफ विपक्ष जो कैंपेन चला रहा है, वह लोकतंत्र पर हमला है। किरेन रिजिजू ने दावा किया कि राहुल गांधी जिस शब्द का प्रयोग कर रहे हैं उसको लेकर कांग्रेस और विपक्ष के लोग भी अब अंदर-अंदर विरोध कर रहे हैं और कुछ लोगों ने तो खुलकर कहना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बहुत खतरनाक खेल खेल रहे हैं। देश के विरुद्ध जो काम कर रहे हैं वह देश की छवि को नुकसान कर रहे हैं। वह देश को आगे काफी नुकसान होगा। इसलिए चुनाव आयोग पर आरोप लगाना ठीक नहीं है।

# भूतिया कुआं



केशवपुर गांव में अधिकतर लोग खेती करने वाले ही थे। पूरे गांव में सिर्फ दो ही कुएं थे, जिनसे लोगों को पानी मिलता था। कुछ समय बाद गांव का एक कुआं पूरी तरह सूख गया। अब पूरे गांव के लोग पानी की जरूरत के लिए एक ही कुएं पर निर्भर थे।

दूसरे कुएं से पानी भरते-भरते लोगों को लगा कि कुएं में कोई भूत रहता है। जब गांव के किसान कुएं से पानी भरते थे, तो उन्हें अजीब सी आवाजें सुनाई देती थीं। खेती करने वाले पुरुषों की पत्नियां तो डर के मारे कुएं के आसपास भी नहीं आती थीं। धीरे-धीरे पूरे गांव में बात फैल गई कि कुआं भूतिया है। अब रात के समय कोई भी कुएं के पास नहीं जाता था।

इसी बीच गांव का एक बच्चा कहीं खो गया। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चा जब नहीं मिला, तो कुछ लोग कुएं के पास बच्चे को देखने के लिए गए। वहां पहुंचे लोगों ने बच्चे को कुएं के अंदर मरा हुआ पाया। अब एक तो कुएं का पानी खराब हो गया और दूसरा बच्चा कैसे मरा इसको लेकर गांव के सभी किसान परेशान हो गए थे।

सबने एक दिन मिलकर नया कुआं खोदने की सोची। कुछ ही दिनों में कुआं सबने खोद लिया और उसमें पानी भी आने लगा। अब पूरे गांव के लोग नए कुएं से ही पानी भरते थे और भूतिया कुएं की तरफ जाना सबने बंद कर दिया था। बड़े लोग तो समझदार थे, इसलिए कुएं के आसपास नहीं जाते थे, लेकिन बच्चे वहां अक्सर खेलने के लिए पहुंच जाते थे।

एक दिन चार-पांच बच्चे भूतिया कुएं के पास खेल रहे थे, तभी एक बच्चा कुएं में गिर गया। उसके चीखने की आवाज सुनकर पूरे गांव वाले दौड़ते हुए भूतिया कुएं के पास पहुंचे। उन्होंने कुएं के अंदर देखा तो बच्चा मरा हुआ दिखा। सबने उस बच्चे के साथ खेल रहे दूसरे बच्चों से पूछा, "आखिर क्या हुआ था?"

बच्चों ने कहा, "वो खेलते-खेलते पानी को देखने गया और अचानक कुएं में गिर पड़ा।"

इस हादसे के बाद गांव वालों ने तुरंत एक तांत्रिक को जाकर कुएं के पास बुलाया। वहां पहुंचकर तांत्रिक ने बहुत सारे मंत्र पढ़े, जिसे सुनकर भूत सबके सामने आ गया। तांत्रिक ने अपनी विद्या का इस्तेमाल करके उस कुएं को छोड़कर जाने के लिए कहा।

भूत ने तांत्रिक की बात को मानने से इनकार कर दिया।

तांत्रिक ने पूछा, "तुम क्यों नहीं जाओगे? यहां आकर बच्चे मर रहे हैं, इसलिए तुम्हें जाना ही होगा।

भूत ने जवाब दिया, "इस कुएं में सालों से मेरा पूरा खानदान रहता आ रहा है। मैं यहां से बिल्कुल नहीं जाऊंगा। इतना कहकर भूत कुएं के अंदर चला गया।"

अब तांत्रिक ने गांव के लोगों से कहा, "इस कुएं के मुंह को ढक दो। ऐसा करने से किसी तरह के हादसे नहीं होंगे।"

ये सुनते ही गांव के मुखिया ने तुरंत काम शुरू करवा दिया। दूसरे दिन कुएं के मुंह पर जाली डालकर पूरी तरह से रेत और सीमेंट से पक्का ढक्कन बना दिया गया और उसे ढक दिया गया। अब सारे गांव वाले खुशी-खुशी रहने लगे। उस दिन के बाद से गांव में ऐसी किसी तरह की घटना नहीं हुई और भूतिया कुएं के डर से लोग मुक्त हो गए।

### कहानी से सीख

किसी भी परेशानी में हार नहीं माननी चाहिए। किसी-न-किसी तरीके से उस परेशानी से बाहर निकला जा सकता है।

## रंग भरो



New Delhi

# 'एक बैग' की वजह से नई दिल्ली स्टेशन पर मारे गए 18 लोग, भगदड़ पर बोली सरकार

**नई दिल्ली,(एजेंसी)** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ को लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद को बताया है कि एक यात्री के सिर से बड़ा बैग गिरने की वजह से वह हादसा हुआ, जिसमें 18 लोगों की जान चली गई। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रात के समय मची इस भगदड़ में 4 बच्चों और 11 महिलाओं की भी मौत हुई थी।

मंत्री ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन की ओर से पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि 15 फरवरी को हुए दुखद हादसे की उच्च स्तरीय जांच समिति ने पाया कि एक यात्री के सिर से



सामान गिरना भगदड़ की प्राथमिक वजह बनी।

प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए हजारों लोग रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। रात करीब 9:15-9:30 के बीच प्लेटफॉर्म 14-15 को जोड़ने वाली सीढ़ी पर भगदड़ मची। वैष्णव ने संसद में दिए जवाब में बताया, ' एक यात्री के सिर से भारी सामान गिरा, जिससे दबाव प्लेटफॉर्म 14/15 की सीढ़ियों पर आ गया और यात्री गिरने लगे। फुटओवर ब्रिज 3 पर यह हादसा हुआ था। पोस्टमार्टम जांच के अनुसार पीड़ितों की मौत ट्रॉमैटिक एस्फिक्सिया (दम घुटने) से हुई।

जांच समिति ने पाया कि भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे लेकिन 8:15 बजे के बाद फुट ओवर ब्रिज पर यात्रियों की संख्या बहुत बढ़ गई थी।

Bihar

# बिहार में 65 लाख वोटर्स के नाम कटे

### पटना में सबसे ज्यादा मतदाता ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर, अब आपत्ति दर्ज करने के लिए 1 महीने का समय



**पटना,(एजेंसी)** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. उससे पहले चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) जारी कर दी है. नई लिस्ट के अनुसार, वोटर लिस्ट से 65 लाख से ज्यादा नामों को हटा दिया गया है. इस लिस्ट में 7.24 करोड़ लोगों के नाम शामिल किए गए हैं. हटाए गए लोगों में ज्यादातर लोग इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं या किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट हो गए हैं.

चुनाव आयोग ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है. ड्राफ्ट वोटर लिस्ट चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया है जो विवादों में है, क्योंकि चुनाव के कुछ महीनों पहले शुरू की गई है. विपक्षी राजनीतिक दलों का आरोप है कि इसके जरिए गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों का वोट छिने जा रहा हैं.

चुनाव आयोग ने बताया है कि राजनीतिक दलों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की प्रिंटेड कॉपी भी दी गई है. ताकि वे लिस्ट की जांच कर सकें और कोई भी 'गलती या आपत्ति' हो तो उसे ठीक करवा सकें. यह प्रक्रिया एक महीने यानि एक सितंबर तक चलेगी. इसके बाद आयोग फ़ाइनल लिस्ट जारी करेगी.

हालांकि, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने राफ्ट वोटर लिस्ट की प्रिंटेड कॉपी शेयर करने पर

Uttarpradesh

## तेज रफ्तार बाइकों की आपस में टक्कर, तीन युवकों की मौत, चौथा गंभीर रूप से घायल

**महाराजगंज,(एजेंसी)** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सेमरा चंदौली के पास तेज रफ्तार बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने हुए थे। जानकारी के अनुसार, पहली बाइक पर भिटौली थाना क्षेत्र के परसा खुर्द निवासी तबारक 25 और अरमान 23 परतावल से अपने घर परसा खुर्द जा रहे थे। दूसरी बाइक पर नगर पंचायत परतावल महंत अवैद्यनाथ नगर वार्ड निवासी चचेरे भाई राजन 22 और आनंद 24 महराजगंज से वापस परतावल आ रहे थे। परतावल महराजगंज मार्ग पर सेमरा चंद्रौली गांव के पास दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें राजन, आनंद और तबारक की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल अरमान को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ। श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

Jammu & Kashmir

## आतंक पर बड़ी चोट! J&K के कुलगाम में एक दहशतगर्द ढेर, 2-3 घिरे... रात भर से चल रहा सुरक्षाबलों का बड़ा सर्च ऑपरेशन

**श्रीनगर,(एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल क्षेत्र में शुक्रवार को शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन अभी-भी जारी है. ऑपरेशन के दौरान आतंकियों से हुई मुठभेड़ में सेना ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है. सेना को आशंका है कि अभी इलाके में एक से दो आतंकी छिपे हो सकते हैं. इस बारे में भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने जानकारी दी है.

चिनार कॉर्प्स ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की संयुक्त टीम ने आतंकियों की मौजूदगी का खुफिया इनपुट के आधार पर दक्षिण कश्मीर के जंगल क्षेत्र में घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया.



इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया और मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया. सेना का कहना है कि इस इलाके में अभी एक से दो आतंकियों के फंसे होने की आशंका है, क्योंकि रातभर से रुक-रुक कर और तीव्र गोलीबारी जारी है.

खेल

# राहुल SENA टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय ओपनर, यशस्वी का 13वां पचासा

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बना लिए हैं और इंग्लैंड के खिलाफ 52 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले मेजबानों की पहली पारी 247 रन पर सिमटी थी जबकि भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। इस आधार पर इंग्लैंड को 23 रन की बढ़त हासिल हुई। शुक्रवार का खेल समाप्त होने तक यशस्वी जायसवाल 49 गेंदों में 51 और आकाश दीप दो गेंदों में चार रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई, जिसे जोश टंग ने तोड़ा। उन्होंने राहुल को रूट के हाथों कैच कराया। वह 28 गेंदों में सात रन बनाकर पवेलियन लौटे।



इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए साई सुदर्शन 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने 44 गेंदों में अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया। मौजूदा सीरीज में यह उनका तीसरा पचासा है। दिन का खेल समाप्त होने तक बाएं हाथ के बल्लेबाज 51 और आकाश दीप चार रन बनाकर डटे हैं।

दूसरी पारी में भले ही केएल राहुल सात रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह SENA (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बन गए। मौजूदा सीरीज में केएल राहुल ने 532 रन बनाए हैं। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर सुनील गावस्कर हैं। पूर्व बल्लेबाज ने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए थे। तीसरे स्थान पर मुरली विजय हैं, जिन्होंने 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 482 रन बनाए थे। केएल ने पहली पारी में 14 रन बनाए थे।

इंग्लैंड की पहली पारी 247 पर समाप्त हुई और मेजबानों को भारत पर 23 रन की बढ़त मिली। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 10 विकेट पर 224 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चार-चार विकेट झटके। वहीं, आकाश दीप को एक सफलता मिली।

जैक क्राउली और बेन डकेट ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे आकाश दीप ने तोड़ा। उन्होंने डकेट को अपना शिकार बनाया जो 38 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बना पाए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान ओली पोप ने कुछ अच्छे शॉट खेले और 37 रन जोड़े। क्राउली 57 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने पवेलियन की राह दिखाई।

सिनेमा

## शाहरुख खान ने जीता अपना पहला नेशनल अवॉर्ड, 33 सालों की मेहनत लाई रंग, बोले- आपका शुक्रिया



71वें नेशनल अवॉर्ड्स में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान को बड़ी जीत हासिल हुई. शाहरुख खान ने अपनी फिल्म 'जवान' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड जीता. ये शाहरुख के 33 साल के करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है. ऐसे में एक्टर ने अपनी लंबी वीडियो शेयर कर नेशनल अवॉर्ड्स जूरी, सरकार, अपनी टीम, परिवार और फैंस को शुक्रिया कहा है. शाहरुख खान ने कहा, 'नमस्कार और आदाब, मुझे ये बताने की जरूरत नहीं है कि कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं. नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित होना ऐसा पल है, जिसे मैं जिंदगीभर सराहूंगा. जूरी, चेयरमेन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और उन सभी को शुक्रिया, जिन्होंने सोचा कि मैं इस सम्मान के लायक हूं. मैं अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, खासकर 2022 के लिए. तो शुक्रिया राजू सर (राजकुमार हिरानी), शुक्रिया सिड (सिद्धार्थ आनंद) और खासकर एटली सर और उनकी टीम को शुक्रिया कि उन्होंने जवान में मुझे काम करने का मौका दिया. और मुझपर भरोसा किया कि मैं इसमें बढ़िया काम करके दिखाऊंगा और इस अवॉर्ड के लायक साबित होऊंगा. एटली सर ये बिल्कुल वैसा है जैसे आप कहते हैं- मास...'

## Highlights

1. PM Modi invites people to share ideas for I-Day 2025 address
2. Man crushed to death by car after bike skids in Pune
3. Delhi Police issues advisory as Janakpuri flyover to be shut for a month
4. Veteran rice conservator urges revival of paddy in Karnataka
5. Odisha woman vanishes after escaping Mangaluru shelter
6. Rajkummar Rao surrenders in 2017 case for hurting religious sentiments, gets bail

# ED issues LOC against Anil Ambani, asks him to appear for questioning on August 5

**NEW DEIHI, (Agency).** The Enforcement Directorate (ED) has issued a lookout circular (LOC) against industrialist Anil Ambani as it investigates allegations of loan fraud worth thousands of crores against his group companies, people familiar with the development said on Friday.

The businessman has also been summoned under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA) for questioning on August 5, they said.

A LOC is issued to prevent a person of interest from leaving the country and evading the legal process.

"We have issued a LOC against Anil Ambani and issued summons to him on August 5 asking him to appear in Delhi for recording his statement under the PMLA in the loan fraud probe," said an officer. He



said Anil Ambani was likely to be asked about various loans and findings of market regulator, Securities and Exchange Board of India (Sebi). The financial crimes probe agency last week carried out searches at the premises of 50 companies and 25 people, including senior executives of Reliance Anil Dhirubhai Ambani Group companies. Officials said that the action pertains to alleged financial irregularities and collective loan diversion pegged at more than ₹17,000 crore by multiple group companies, including Reliance Infrastructure (R Infra). Based on a Sebi report, ED found that R Infra allegedly diverted funds disguised as inter-corporate deposits (ICDs) to the Anil Ambani-led Reliance Group companies through a company named CLE. It is alleged that R Infra did not disclose CLE as its related party to avoid approvals from shareholders and audit panels.

# Google's antitrust appeal fails in legal battle with Fortnite maker

**NEW DEIHI, (Agency).** A federal appeals court has upheld a jury verdict condemning Google's Android app store as an illegal monopoly, clearing the way for a federal judge to enforce a potentially disruptive shakeup that's designed to give consumers more choices.

The unanimous ruling issued Thursday by the Ninth Circuit Court of Appeals delivers a double-barrelled legal blow for Google, which has been waylaid in three separate antitrust trials that resulted in different pillars of its internet empire being declared as domineering




scofflaws monopolies since late 2023.

The unsuccessful appeal represents a major victory for video game maker Epic Games, which launched a legal crusade targeting Google's Play Store for Android apps and Apple's iPhone app store nearly five years ago in an attempt to bypass exclusive payment processing systems that charged 15% to 30% commissions on in-app transactions.

The jury's December 2023 rebuke of Google's app store for Android-powered smartphones began a cascade of setbacks that includes monopoly judgements against the company's ubiquitous search engine last year and the technology underlying its digital ad network earlier this year.

Although not as lucrative as Google's search engine or ad system, the Play Store for Android apps has long been a gold mine that generated billions of dollars in annual revenue by taking a 15% to 30% cut from in-app transactions funnelled through the company's own payment processing system.

Following a month-long trial, a nine-person jury determined that Google had rigged its system to thwart alternative app stores from offering better deals to consumers and software developers.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?
# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक